In so far as Primary School teachers in Delhi are concerned, there will be only one pay scale as mentioned above.

With regard to the other categories of teachers, the pay scales will be as recommended by the Third Pay Commission.

As I have already stated earlier, on the basis of the pay fixation formula recommended by the Third Pay Commission and the scales of pay now finally approved by the Government, the existing teachers *i.e.,* the teachers who had been appointed prior to 1-1-1973 v/ould, by a judicious exercise of options available to them, find the revised scales of pay more favourable than even the 1971 scales of pay.

Government have decided to increase the number of selection grade posts from 15 per cent of the permanent posts in each category to 20 per cent of the permanent as well as temporary posts which have been in existence for three years or more. This will give the benefit of selection grade to a larger number of teachers. There will be no selection grade for the posts of Headmasters of High Schools, Vice-Principals of Higher Secondary Schools as well as Principals of Higher Secondary Schools.

The decision already taken by the Delhi Administration to introduce the new pattern of school education (10 + 2) and to reorganise the curricula at all stages of education is likely to lead to further widening of promotional avenues for teachers.

The revised pay scales will be introduced in the other Union Territories and organisations on Central scales of pay, such as Andaman and Nicobar Islands, Pondi-cherry, Lakshadweep, Goa. Daman, and Diu and the Central Schools.

I do hope that the teachers would welcome these decisions of the Government and call off their agitation immediately and resume their duties.

Taking into account the undue hardship experienced by the candidates who ate to take the Delhi Higher Secondary Examination, steps are being taken by the Central Board of Secondary Education to hold' the examination as early as possible.

1 P.M.

THE BUDGET (GUJARAT) 1975-76— *General Discussion*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : We can go to the Gujarat Budget now. I would suggest that those who want to speak on Gujarat may speak on the Budget and the other Bills can be passed . . .

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) : There are two separate propositions, one is the Budget and the others are Bills. I am not objecting to what you say. You can save time but this practice should be given up. We know we are not vigilant and careful about the way in which we are conducting our House but how can you say that we should not speak . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Bhupesh Gupta, listen to me. What I am suggesting is that all those who want to make speeches may do so on the Budget and then the Bills can be taken up separately.

SHRI BHUPESH GUPTA : Sir, I got you quite all right. I heard you very clearly, this is what precisely you said and this is what precisely I am objecting to. The Budget is generally discussed. Suppose, somebody wants to pick up a particular thing and say something, why should it relate to other items? These are two separate items and should be taken up as two separate items. You can say, here are all the Bills, speak on them together. You can shorten the discussion. You can say whatever you like but Budget is a matter for general discussion and the Bills are to be discussed in their own way. Suppose one member of a party wants to talk about politics of Gujarat and the other member of the party wants to speak on the Bill . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Well, Mr. Bhupesh Gupta, whichever procedure you want to follow we will follow. Unnecessarily you will be wasting time.

SHRI BHUPESH GUPTA : It is not the question of wasting time. Sometimes it can be a waste of time but not necessarily always. What I say is, do not abandon the procedure. Do not throw the baby with the bath water.

AN HON'BLE MEMBER : Sir, we have followed what Mr. Bhupesh Gupta said.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : There is no dispute on that. We will be sitting through lunch to complete the business.

श्री इन्द्रदीप सिंह (बिहार) : उप-सभापति महोदय, गुजरात में राष्ट्रपति शासन का एक साल का काल समाप्त हो गया और एक साल बाद आज जो परिस्थिति देश के सामने और इस सदन के सामने है उसमें दो प्रश्न विचारर्थ उपस्थित होते हैं।

IThe Vice-Chairman (Shri Jagdish Prasad Mathur) in the Chair]

पहला प्रश्न यह है कि जिन शक्तियों ने गुजरात विधान सभा को तोड़ करके यह स्थिति उत्पन्न कराई और उस समय जो जनता के सामने उन्होंने वायदे किये थे क्या वे वायदे पूरे हुए और दूसरा प्रश्न यह है कि सरकार ने उस समय जो वायदा किया था कि शीघ्रातिशीघ्र हम चुनाव कराएंगे और फिर से संसदीय प्रणाली की स्थापना करेंगे, तो क्या सरकार ने यह वायदा पूरा किया ? इन दोनों प्रश्नों को मैं आपके समक्ष उपस्थित करना चाहता हूं ।

उप-सभाध्यक्ष, महोदय मुझे स्मरण है, गुजरात का आन्दोलन जब चला था तब मंहगाई की, बढ़ते हुए भ्रष्टाचार की और विद्यार्थियों के दमन की बड़ी शिकायत थी और इन तात्कालिक प्रश्नों को लेकर वहां का आन्दोलन आरम्भ हुआ था। इस आन्दोलन का बहाना बनाकर कतिपय राजनैतिक तत्वों और दलों ने उस आन्दोलन में एक राजनैतिक मांग यह भी जोड़ दी थी कि गुजरात विधान सभा को भंग करो और कुछ इस प्रकार का वातावरण पैदा किया गया था कि मानों गुजरात विधान सभा को भंग करने से यह सवाल हल हो जाएंगे। परिणामस्वरूप गुजरात विधान सभा भंग हुई... (*Interruptions*) मैं तो जहां हूं वहीं से बोल रहा हूं। मैं केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि सिंहावलोकन करने का आपका और हमारा दोनों का अधिकार है तो एक साल बीत जाने के बाद इस सदन में और सदन के बाहर भी हमें गम्भीरता पूर्वक इस प्रश्न पर गौर करना है कि क्या मंहगाई के खिलाफ आन्दोलन, भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन, संगठित विधान-सभा को भंग करके सफल हो सकता है ? लेकिन गुजरात का कटु अनुभव हमें बतलाता है कि विधान सभा भंग होने के बाद भी मंहगाई और भ्रष्टाचार का जो अभिशाप है वह कम नहीं हुआ। श्रीमन् इसका कारण बहुत स्पष्ट है। मंहगाई और भ्रष्टाचार विधान सभा या संसद के गर्भ से उत्पन्न नहीं होते हैं। मंहगाई और भ्रष्टाचार की जननी वह सामाजिक व्यवस्था है जिसको हम पूंजीवादी व्यवस्था के नाम से पुकारते हैं मंहगाई और भ्रष्टाचार पूंजीवादी सामाजिक व्यवस्था के अभिशाप हैं। हम यह नहीं कहते कि पूंजीवाद को तुरन्त तोड़ देना संम्भव है, लेकिन मैं सिर्फ यह निवेदन करना चाहता हूं कि मंहगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कारगर संघर्ष तभी चलाया जा सकता है जब पूंजीवाद के शोषक और भ्रष्ट तत्वों के खिलाफ संघर्ष किया जाय। बदकिस्मती से गुजरात में जो आन्दोलन चला था, और जो पहले विद्यार्थी आन्दोलन था, निहायत ईमानदारी के साथ दुस्सह परिस्थितियों के खिलाफ विद्यार्थी समाज ने उसे उठाया था। और जो वहां पर सरकार थी उसके दमन से, उसके अत्याचार से ऊब कर उन्होंने मांग की थी कि गुजरात विधान सभा को भंग करो। विद्यार्थियों की यह मांग पवित्र थी, उनका क्रोध भी पवित्र था, मेरे मित्र जोशी जी का क्रोध भी पवित्र था, हमारे भी जो लोग थे उनका क्रोध पवित्र था। लेकिन मैं यह प्रश्न पूछना चाहता हूं कि क्या कुछ तत्वों ने जिन्होंने गुजरात आंदोलन को अपनी राजनीति का हथकंडा बनाया, उनके दिल में भी वही पवित्र क्रोध भ्रष्ट आचरण के खिलाफ, पूंजीवाद के खिलाफ, शोषण करने वालों के खिलाफ था ? क्योंकि सामाजिक दृष्टि से भ्रष्टाचार और महंगाई की जड़ पूंजीवादी व्यवस्था में है, किसी विधान सभा में नहीं है, किसी संसद में नहीं है।

इसलिये उपसभाध्यक्ष महोदय, साल भर बाद इस पूरी परिस्थिति पर गौर करके देश को इस निष्कर्ष पर पहुंचने का अवसर आया है कि गुजरात आंदोलन में कुछ राजैतिक शक्तिओं का जो यह स्वार्थी था वह पहलू किसी भी तरह से श्लाघनीय नहीं कहा जा सकता। मैं आपको इसका एक उदाहरण पेश करना चाहता हूं ; एक संस्था है वहां पर—हमारे मित्र उमाशंकर जोशी जी उससे बहुत परिचित होंगे—गुजरात विद्यापीठ मुझे जान कर आश्चर्य हुआ कि वहां मोरारजीभाई देशाई शिक्षा शास्त्री माने जाते है, एजुकेशनिस्ट माने जाते हैं, और वे गुजरात विद्यापीठ के चांसलर है और श्रीराम लाल पारिख उसके वाइस चांसलर हैं। गुजरात में जहां इतने इतने एजुकेशनिष्ट हो वहां मोरारजी भाई इसके इंचार्ज हों, इसके चांसलर हों, यह बात बहुत आश्चर्यजनक है; खैर वह हैं। वहां पर 72 दिनों से विद्यार्थियों की हड़ताल चल रही है – विद्यार्थी और शिक्षक दोनों आंदोलन कर रहे हैं। क्यों कर रहे हैं? क्योंकि वहां के अधिकारियों ने तुलनात्मक धर्मशास्त्र के शिक्षक डा. दूरानी को बरखास्त कर दिया है बिना किसी वजह के विद्यार्थी मांग कर रहे हैं उनको फिर से वहाल किया जाए शिक्षक मांग कर रहे हैं उनको फिर से बहाल किया जाए और विद्यार्थियों और शिक्षकों की मांग है कि पिछले 10 के साल गुजरात विद्यापीठ के अकाउण्टस् पेश किए जाएं। आपको सुन कर आश्चर्य होगा कि पिछले 10 साल से उस विद्यापीठ का कोई अकाउन्ट पेश नहीं हुआ युनिवर्सिटी ग्राण्टस् कमीशन पैसा उनको देती है तो उसका हिसाब किताब जरूर रखा जाना होगा। लेकिन उसका कोई लेखाजोखा सामने नहीं। और, मोरारजी देसाई जो अभी गुजरात में आंदोलन चला रहें हैं प्रजातन्त्र की स्थापना के लिये वे गुजरात विद्यापीठ में प्रजातन्त्र के विरोधी है, वे गुजरात विद्यापीठ में प्रजातंत्र स्थापित नहीं होने देना चाहते, वहां के प्रशासन में वहां के विद्यार्थियों को, शिक्षकों को कोई अधिकार देना नहीं चाहते।

श्री उमाशंकर जोशी (नाम निर्देशित) : आपको पता नहीं, परसों समाधान हो गया।

श्री इन्द्रदीप सिंह : समाधान हो गया तो बडी अच्छी और खुशी की बात है लेकिन समाधान होने के बाद भी मैं चाहूंगा कि मोरारजी देशाई जैसे व्यक्ति को वहां पर चांसलर नहीं रहना चाहिए। मेरे मित्र उमाशंकर जोशी जी चांसलर बनाए जाएं, मैं इसका स्वागत करूंगा, लेकिन मोरारजी भाई चांसलर बने रहेंगे तो, उपसभाध्यक्ष महोदय मुझे माफ करेंगे शेक्सपीयर की एक लाइन है :

If he, compact of all jars, grows musical, we shall have discord in the atmosphere.

इसलिये मोरारजी भाई अगर शिक्षा शास्त्री बन जाएं तो– we shall have discord in the atmosphere. वायुमण्डल में गड़बड़ी पैदों हो जायेगी इसलिये उनको वहां उस पद से हटना चाहिए।

सरकार की नीति के बारे में मेरे दिमाग में एक प्रश्न है।

जिस समय गुजरात विधान सभा भंग हुई उसके बाद से लगातार महीनों तक सरकारी पक्षकी तरफ से यह ऐलान किया जाता रहा है कि हम शीघ्रातिशीघ्र गुजरात में चुनाव कराएंगे। जैसे ही क्षेत्रों का परिसीमन हो जाएगा चुनाव करा लेंगे, जैसे ही मतदाता सूचियां तैयार हो जाएंगी करा लेंगे। यह काम जब हो गया, जब इलेक्शन कमीशन ने कहा हम चुनाव कराने के लिये तैयार हैं। तब सरकार ने यह महसूश किया कि गुजरात में बड़ा अकाल पड़ा है और इसलिये वहां पर चुनाव नहीं कराये जा सकते है। श्रीमन्, मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि अकाल वहां पर अकस्मात नहीं पड़ा, वहां पर अकाल कई महीनों से है और पिछले साल भी गुजरात में अकाल पड़ा था और वहां पर महीनों से रिलीफ का काम चल रहा था अब अकाल के बाद भी सरकार कह रही थी कि इस साल जनवरी या फरवरी में वहां चुनाव कराये जा सकते है। मैं समझता हूं कि सहकार अपना राजनैतिक स्वार्थ साधने के लिए अब उस तरह की बात कह रही है। सम्भवत गुजरात में चुनाव

[श्री इन्द्रदीप सिंह]

न कारये कोई दूसरा कारण है और अकाल प्रधान कारण नहीं है। अगर अकाल प्रधान कारण हुआ है इसकी बात तो उसका नाम पहिले से ही लिया जाता ।

मैं आपसे से यह निवेदन करना चाहता हूं कि मुझे गुजरात में विभिन्न दलों और विभिन्न व्यक्तियों से मिलने का मौका मिला है; और वहां पर आम राय है कि वहां पर शीघ्रातिशीघ्र चुनाव कराये जाये। अब मैं सरकार से यह चाहता हूं कि वह इस बारे में दो टूक ऐलान कर दे कि वहां पर वह कब चुनाव करायेगी ? सरकार की तरफ से यह कहा जाता है कि वहां पर जल्द से जल्द चुनाव कराये जायगें तो मैं यह जानना हूं कि यह कब आयेगी ? क्या आप वहां पर अक्टूबर में चुनाव करायेंगे या फिर अगले साल फरवरी में करायेंगे ? इस तरह से वहां की जनता को किसी तरह से दुविधा की स्थिति में रखना उचित नहीं है और इस बारे में साफ बात का ऐलान हो जाना चाहिये ।

तीसरी बात में यह निवेदन करना चाहता हैं कि इस समय गुजरात में अकाल सहायता कार्य चल रहा है । जो रुपया उसमें खर्च हो रहा है वह करीब 26 करोड़ के हैं और यह जो राशि उसे मैं पर्याप्त नहीं समझता हूं क्योंकि आज जो पैसे का मूल्य हो गया है और जिस तरह से महंगाई बढ़कर चीजों की कीमतें बढ़ गई है, उसके अनुपात में यह राशि बहुत कम है मुझे अकाल सहायता कार्य करने का अनुभव है क्योंकि 1967 में जब बिहार में संयुक्त मोर्चे की सरकार थी तो मैं वहां पर मंत्री था और उस समय हम लोगों ने लगभग 65-70 करोड़ रुपया 1967 में बिहार में अकाल पीड़ित की सहायता में खर्च किया था । गुजरात में जो विपत्ती आई है वह बिहार से कम नही है, जहां तक मेरा अनुमान है । यह ठीक है कि गुजरात की जनसंख्या कम है, लेकिन गुजरात में जो अकाल पीड़ित क्षेत्र हैं, जहां पर दो तिहाई गांव आकाल पीड़ित या अभाव पीड़ित है । जहां पर 12 हजार पीडित-क्षेत्र घोषित कर दिये गये हैं, वहां के लिये इतनी राशी बहुत कम मालूम देती है। और इतनी बड़ी जनसंख्या वाले प्रभावित क्षेत्र के लिये यह राशि जो बजट में रखी गई है वह बहुत कम है । मेरे ख्याल से यह राशि पर्याप्त नहीं है।

मुझे इस बारे में व्यक्तिगत तर्जबा है, क्योंकि वहां पर जो काम चलाया जा रहा है उसमें 100 वर्ग फुट मट्टी निकालने के लिये तीन रुपया दिया जाता है । एक मजदूर अगर मजबूत हो, बहुत कमजोर शरीर का नहीं, तो वह दिन भर में मेहनत करके अधिक से अधिक तीन रुपया अर्जित कर सकता है। आज के जमाने में अगर कोई मिट्टी काटने वाला दिन भर काम करे और तीन रुपया कमाये और वह बाजार में जाकर क्या खरीद सकेगा जबकि आटा दो रुपये किलो बिक रहा है और किस तरह से वह अपनी तथा अपने घरवालों की परवरिश कर सकता है ? इसलिये मुझे याद है कि बिहार में उस जमाने में यानी 1967 में हम लोग तीस रुपया हजार फुट के हिसाब से पेमेंट करके थे। आज तो 1974-75 का साल है और इन पांच सात सालों में जबकि चीजों के दाम बहुत ऊंचे चले गये है और पैसे के भी कीमत कम हो गई है । इसलिये वहां के मजदूरों को जो इस समय पेमेंट किया जाता है वह पर्याप्त नहीं है। मैं समझता हूं कि गुजरात रिलीफ में जो मजदूरों को पेमेंट किया जाता है, वह आज की बड़ी हुई कीमतों को देखकर तय किया जाना चाहिये । मैंने एक मीटिंग में यह सुझाव दिया था कि पी. डब्ल्यू. के काट्रेक्टरों को जो रेट मिट्टी काटने के लिये दिया जाता है उसको 90 प्रतिशत रिलीफ स्कीम में जो फार्मूला है, जिस को फैमिन कोड में भी मान लिया गया है, उस हिसाब से इनको पेमेंट किया जाना चाहिये ।

चौथी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन रिलीफ स्कीमों में जो लोग काम कर रहे हैं उन्हे अपना समान खरीदने के लिये कई कई मील दूरी पर जाना पड़ता है । इसलिये वहां पर समान के डिपो होने चाहिये ताकि जहां पर मजदूर काम करते हों वहां पर ही वे आसानी के साथ अपना सामान खरीद सकें और उन्हे अपना सामान खरीदने के लिये दूर न जाना पड़े ।

पांचवीं बात, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहूंगा कि अकाल सहायता का काम तो चल रहा है, लेकिन कुछ दूसरे मुद्दे जो अत्यन्त आवश्यक हैं उनकी तरफ से सरकार का ध्यान, लगता है, हटा हुआ है। अभी 12 मार्च को डांग जिले के अहवा नामक स्थान पर आदिवासियों ने प्रदर्शन किया और सभा की आदिवासियों की मांग यह है कि जो जमीन वे पहले से जोतते आ रहे हैं उस जमीन पर उनको जोतने का हक मिल जाये, उनको आकूपेन्सी राइट मिल जाय, जिन आदिवासियों के पास जमीन नहीं है उनको ज्यादा जमीन अलाट की जाय। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं स्मरण दिलाऊं कि शासक दल की तरफ से नरोरा में एक प्रोग्राम बनाया गया था जिसमें यह घोषणा की गई थी कि 15 फरवरी तक देश में जितने भूमिहीन परिवार हैं या कम जमीन वाले गरीब किसान परिवार हैं उनको बसने के लिये जमीन दे देंगे। 15 फरवरी बीत चुकी। हम लोग आशा करते थे कि सरकार की तरफ से कोई रिपोर्ट दी जायेगी कि इस पर कहां तक अमल हुआ। गुजरात में कहां तक इस पर अमल हुआ, कहां तक गुजरात में भूमिहीनों को बसने के लिये जमीन दी गई, इस पर सरकार की तरफ से कोई विशेष बयान दिया जायेगा, ऐसी हम आशा करते थे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। आदिवासियों का जो आन्दोलन चल रहा है वह बसने की जमीन के लिये है और जोतने की जमीन के लिये भी है।

आदिवासियों की एक और मांग है। महाजनों ने उनकी बहुत सारी जमीन खरीद ली है। वह जमीन वापस दिलाने का आन्दोलन गुजरात में आदिवासियों द्वारा चलाया जा रहा है और दूसरे प्रान्तों में भी चलाया जा रहा है। गुजरात में आदिवासियों और कुछ दूसरे लोगों के बीच अक्सर तनाव की स्थिति पैदा हो जाया करती है और मारपीट हो जाया करती है। तो मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि भूमिहीनों को जमीन देने के सम्बन्ध में आदिवासियों की जो अपहृत जमीन है, जो उनसे एलियनेटेड लैंड है उसको वापस दिलाने के सम्बन्ध में, सरकारी बंजर जमीन को तोड़कर भूमिहीनों को देने के सम्बन्ध में, आदिवासी जिस जमीन पर खेती कर रहे हैं उस पर उनका कबजा स्वीकार करने के सम्बन्ध में सरकार क्या कदम उठाने जा रही है। इस सबके सम्बन्ध में सरकार की क्या नीति है?

श्रीमती कुमुदबेन मणिशंकर जोशी (गुजरात): उपासभाध्यक्ष महोदय, आज जब मैं गुजरात के बारे में बोल रही हूं तब मैं बहुत दुखी दिल से बोल रही हूं। गुजरात की जनता पिछले तीन सालों से प्राकृतिक समस्याओं का सामना कर रही है। 1972 में गुजरात में अकाल हुआ, 1973 में अतिवृष्टि हुई, 1974 में फिर अकाल काफी जोर से गुजरात में हुआ आज गुजरात की जनता प्राकृतिक समस्याओं से परेशान है, बड़ी कठिनाई से उसका मुकाबला कर रही है। ऐसी हालत में गुजरात के राजनीतिक खिलाड़ियों ने गुजरात को आन्दोलन का स्टेज बनाया हुआ है। पिछले साल गुजरात की सरकार को नवनिर्माण के आन्दोलन के नाम से तोड़ा। इस नवनिर्माण अन्दोलन ने गुजरात को क्या-क्या दिया है वह गुजरात की जनता भूलने वाली नहीं है। गुजरात के छात्र आज पढ़ते नहीं हैं और पढ़ाने भी नहीं देते है। यह है गुजरात की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समस्या। गुजरात की जनता आज भी अकाल की परिस्थितियों से बहुत परेशान है। मैं कुछ आंकड़े सदन के समाने देना चाहती हूं। गुजरात में गरीब 13 हजार गांव अकालग्रस्त हैं। वहां 7 लाख लोगों को सरकार की ओर से काम दिया जा रहा है। 24300 लोग बूढ़े और अपंग हैं। उनको सरकार अपनी ओर से सहायता दे रही है। हम लोग जनता की परेशानियों से बहुत चिन्तित हैं। भारत सरकार, गुजरात सरकार और जनता भी उसका मुकाबला कर रही है। ऐसे में जो लोग सत्ता के पीछे पड़े हुए हैं वे फिर विधान सभा के चुनाव की मांग कर रहे हैं। 13 हजार गांवों में अकाल छाया हुआ है, दिन प्रतिदिन अकाल की परिस्थिति शोचनीय होती जा रही है, सरकार अपनी सारी शक्ति इस काम से हटा कर चुनाव में लगाएगी तो गुजरात की पीड़ित जनता का क्या होगा। यह सब सोचने

[श्रीमती कुमुदबेन मणिशंकर जोशी]

का इनके पास समय नहीं है क्योंकि ये लोग तो सत्ता के पीछे पड़े हुए हैं ।

मैं आप के माध्यम से उपसभाध्यक्ष महोदय भारत सरकार के सामने तीन चार मुद्दे रखना चाहती हूं । गुजरात में हर साल कहीं न कहीं बाढ़ की वजह से या पानी की कमी की वजह से या सूखे की वजह से किसान को मुसीबत झेलनी पड़ती है और इस के लिये मैं सरकार को तीन सुझाव देना चाहती हूं । गुजरात के किसानों को छोटी सिंचाई योजनाओं के द्वारा, ट्यूबवेल के द्वारा या चेक डैम्स के द्वारा पानी की सुविधा मिलनी चाहिये और अगर आप गुजरात के किसान को पानी देंगे तो वह जमीन से सोना उगलवा लेगा । वह इतना मेहनती है और उस को पर्याप्त वैज्ञानिक ज्ञान भी है । इस के अतिरिक्त गुजरात में जब पानी अच्छा हो जाता है तो रासायनिक खाद की कमी हो जाती है। तो मैं भारत सरकार से विनती करना चाहती हूं कि गुजरात में गोबर गैस प्लान्ट की योजना अच्छी तरह से चल रही है। ग्रामोद्योग कमीशन ने उस में काफी अच्छा काम किया है और वह अच्छी दिलचस्पी उस में ले रहा है । लेकिन अगर गुजरात के किसान को वह नहीं मिल पाती है तो पंचवर्षीय योजना में आप ने जो गोबर गैस की योजना रखी है उस की सुविधा गुजरात के किसानों को जल्दी से जल्दी मिलनी चाहिए इस का आप प्रयत्न करें तीसरी बात बड़ी महत्वपूर्ण है । गुजरात का कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के किसानों के मामले में काफी दिलचस्पी ले रहा है और उस के लोग उन के काम में लगे हुए हैं तो मैं भारत सरकार से विनती करती हूं कि वहां का कृषि विश्वविद्यालय जो काम कर रहा है उस के लिये उस को पूरी आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए । जब तक उस विश्वविद्यालय को आप पूरी आर्थिक मदद नहीं देंगे तब तक कृषि विश्वविद्यालय अपने को पूरी तरह डवलप नहीं कर पायेगा और उस की वजह से गुजरात के किसानों को भी मुश्किल रहेगी ।

आज जब मैं गुजरात की बात कर रही हूं तो उपसभाध्यक्ष महोदय, आप के माध्यम से मैं गुजरात की जनता को भारत सरकार को और गुजरात के राज्यपाल को धन्यवाद देना चाहती हूं कि इस कठिन परिस्थिति में उन सब ने मिलकर एक रास्ता निकाला है, और निकाल रहे हैं । अंत में मैं सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहती किन्तु गुजरात की हालत क्या है यह इस सदन को देख कर ही पता चलता है । किस किस को उस में कितनी दिलचस्पी है इस को भी आप देख सकते हैं। गुजरात को एक राजनीतिक प्लेटफार्म बनाने के अलावा गुजरात के विकास के लिये, उस के आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास के लिये किसी को उस में दिलचस्पी नहीं है । इसलिये मैं आप के माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहती हूं कि गुजरात के लोगों को अभी इस हालत में सिर्फ पानी चाहिए और अनाज चाहिए । गुजरात की जनता को चुनाव की कोई जरूरत नहीं है । धन्यवाद ।

श्री भैरों सिंह शेखावत (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय जिस समय राष्ट्रपति का चुनाव हो रहा था उस समय इसी सदन में एक आपत्ति उठाई गयी थी कि जब तक गुजरात की विधान सभा का चुनाव नहीं होगा उस समय तक राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाना संवैधानिक दृष्टि से उचित नहीं होगा। सरकार की ओर से इस प्रश्न को सर्वोच्च न्यायालय का मत जानने के लिए प्रेषित किया गया। सर्वोच्च न्यायालय में सरकार की ओर से जो दावा प्रस्तुत किया गया या सरकार का जिस प्रकार का दावा था उसके अनुसार सरकार चुनाव केवल इसलिए नहीं कराना चाहती थी कि समय तक गुजरात के डिलिमिटेशन का कार्य संपूर्ण नहीं हो सका था। सरकार ने उस समय बार-बार यह कहा कि यदि कांस्टीट्यूएंसी के डिलिमिटेशन का कार्य पूरा हो जाए तो सरकार को चुनाव कराने में कोई आपत्ति नहीं होगी और इसी आधार पर मुख्य रूप से इसी आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस बात को स्वीकार किया कि डिलिमिटेशन के अभाव में चुनाव कराना किसी भी प्रकार से उपयुक्त नहीं है ।

डिलिमिटेशन का कार्य पूरा हो चुका, इलैक्टोरल रोल्स फाइनल पब्लिश हो चुके, उसके बाद कोई बहाना नहीं था कि गुजरात म चुनाव सम्पन्न नहीं कराये जा सकते । यह नया कारण ढूंढकर लाया गया है कि गुजरात में अकाल है और अकाल पीड़ित क्षेत्रों में चुनाव नहीं कराये जा सकते ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि देश के बहुत से हिस्से हैं जिनमें लगातार अकाल की स्थिति बनी रहती है। राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, यू०पी०, उड़ीसा, बिहार, आंध्र और तमिल नाडु के कुछ ऐसे राज्य हैं जिनमें किसी न किसी भाग में हर वर्ष अकाल की स्थिति रहती है । जिस समय हमारे देश के नेताओं ने संविधान का निर्माण किया उस समय वे इस परिस्थिति से परिचित न हों, की इस प्रकार की स्थिति नहीं है । उन्हें भी इस प्रकार का ध्यान था कि देश में अकाल, बाढ़ आदि ऐसी स्थितियां आती हैं लेकिन उन्होंने इस प्रकार का कोई भी प्रावधान नहीं किया कि इस प्रकार की स्थितियों में चुनाव नहीं कराये जा सकते ।यह भी नहीं है कि 1952 से लेकर 1972 तक कभी ऐसी स्थितियों में चुनाव नहीं कराये गये । राजस्थान और मध्य प्रदेश ये दो राज्य ऐसे हैं जिनके अधिकांश हिस्सों में चुनाव के वक्त पर अकाल था और भारत की सरकार ने वहां चुनाव कराये । तो अब तक इस तर्क के आधार पर चुनाव स्थगित किया जाना, मैं समझता हूं कि लोकतंत्रीय परम्पराओं के विपरीत है और यह सरकार की स्वयं की राजनीति है जिसको बहाना बनाकर चुनाव टाले जा रहे हैं । वहां तो अकाल पड़ा ही है, स्वयं कांग्रेस पार्टी में भी अकाल पड़ा हुआ है, कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं । जो उम्मीदवार हैं वह चुनाव लड़ने का साहस नहीं करते । चुनाव होगा तो पता लगेगा (*Interruption*) चुनाव होगा तो उस दिन पता लगेगा कि गुजरात में कितने कांग्रेस के लोग निर्वाचित होकर आ रहे हैं । मैं समझता हूं कि माननीय सदस्य एक बात तो जानते होंगे कि गुजरात में आज कांग्रेस की तरफ से आम सभायें नहीं होती हैं । वे इतने शर्मिन्दा हैं कि जनता के समक्ष खड़ा होने में उन्हें शर्म आती है । अहमदाबाद में बरुवा साहब ने जहां मीटिंग की वह स्थान मैं देखकर आया हूं कि कितनी पुलिस प्रोटक्शन में एक छोटे से स्थान पर ले जाकर बरुआ साहब को आपने खड़ा किया । उस स्थान की अहमदाबाद से तुलना की जाये तो कहा जाएगा कि कांग्रे अहमदाबाद से सिकुड़ कर एक गली में आ गई । तो अकाल है तो कांग्रेस पार्टी में है । उसके कारण ही आज उनको साहस नहीं हो रहा है वहां पर चुनाव कराने का मैं एक बात नहीं समझ पा रहा हूं कि अगर वहां पर निर्वाचित सरकार होती तो वह अकाल की व्यवस्था नहीं कर सकती थी ? और कांग्रेस पार्टी के लोग यह समझते हैं कि निर्वाचित सरकार होती तो अकाल की व्यवस्था नहीं कर सकती, केवल ऐडमिनिस्ट्रेटर ही कर सकता है, तो मैं निवदन करूंगा कि वह अपनी आलोचना स्वयं कर रहे हैं वह लोकतान्त्रिक व्यवस्था के ऊपर अपनी अश्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। वहां के अकाल के बारे में अभी एक माननीय सदस्य कह रहे हैं कि 13 हजार गांवों में अकाल पड़ा हुआ है। उपसभापति महोदय, यह बात सही है कि उनको 80 ग्राम अनाज मिलता है, लेकिन दूसरी बात यह है कि जिस टास्क बैसिस पर पर उनसे काम लिया जा रहा है उनमें से किसी भी मजदूर को 3 रुपये रोज से अधिक मजदूरी नहीं मिल पाती । गुजरात के आंकड़े उठाकर देखें कि गुजरात में कितने प्रतिशत ऐसे मजदूर हैं जिनको 3 रु० रोज के हिसाब से मिलते हैं और काम का मापदण्ड 21 दिन से होता है, कभी 28 दिन से होता है और जब काम का मापदण्ड हो उस दिन उसको कितने रुपये मिलने चाहियें, यह निश्चित किया जाना चाहिये । सरकार की तरफ से इंस्ट्रक्सन जरूर हैं कि जल्दी से जल्दी पेमेंट किया जाये, लेकिन उनको पमेंट नहीं किया जाता है । इस वास्तविकता को छुपाया नहीं जा सकता । यही कारण है कि— आप सुनकर ताज्जुब करेंगे—गुजरात में लोगों की भूख के कारण ऐसी स्थिति बन गई कि गुजरात के जामनगर, भड़ोंच, कैर, सुरेन्द्रनगर, कच्छ, राजकोट और सावरकांटा आदि क्षेत्रों के अन्दर नाइट ब्लाइंडनेस का प्रसार भयंकर रूप से हो रहा है ।

आज गुजरात का असैसमेंट आप करा लें तो आप पायेंगे कि 50 हजार आदमी इस बीमारी से मरे हैं । यह बात मैं नहीं कहता । सरकार ने स्वयं एक टीम भेजी है उसने यह स्वीकार किया है कि विटामिन 'ए' की डैफिशिएंसी के कारण सारी समस्यायें पैदा हो रही हैं । सरकार ने पूछा कि इसका इलाज क्या है ।

"The most important measure for combating this disease is to ensure adequate

[श्री भैरों सिंह शेखावत]

availability and intake of food rich in Vitamin A. As a sort of a measure, the problem can be remedied by the administration by ensuring supply of large doses of Vitamin A periodically."

अब मैं माननीय सदस्य से यह जानकारी करना चाहूंगा कि क्या वहां नाईट ब्लाइन्डनैस की बीमारी नहीं है ? क्या वहां विटामिन 'ए' की कमी नहीं है ? क्या वहां के लोग न्युट्रिशिव डाइट न मिलने के कारण बीमार नहीं हो रहे हैं ? क्या इन सब की कमी के कारण लोगों की मृत्यु नहीं हो रही है ? यह सब कुछ हो रहा है । इसका इलाज नहीं होगा तो इसका अर्थ यह होगा अगर आप चुनाव करा लें तो निर्वाचित सरकार के प्रतिनिधि, विधायक के अन्दर से यह आवाज उठेगी और वे दुनियां में जाकर कहेंगे कि अमुक क्षेत्र में न्युट्रिशिव डाइट नहीं मिल रही है । जानवर भूख से मर रहे हैं । आज हालत यह है कि गुजरात में कोई कहने वाला नहीं है । अगर सरकारी अफसर यह कह दें न्युट्रिशिव डाइट के न मिलने के कारण नाइट ब्लाइन्डनैस से लोग मरे हैं तो उसके खिलाफ अगर एक्शन लिया जाएगा तो वह भी लिखित रूप में इस बात को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं । मैं दावे के साथ कहता हूं कि गुजरात के अन्दर 6 लाख पशुओं में से 1 लाख पशु आज अपने प्राण छोड़ चुके हैं क्योंकि सरकार ने कोई चारे की व्यवस्था उनके लिये नहीं की थी । चारे की व्यवस्था न होने के कारण जिन लोगों के पास कैटल पापुलेशन है, जिनके पास यह सबसे बड़ा धन है गुजरात के अन्दर आज वह धन समाप्त हो गया है ।

मैं उपसभाध्यक्ष महोदय, निवेदन करना चाहूंगा कि यदि चुनी हुई सरकार होती तो ऐसा न हुआ होता । आज न वहां पंचायतें हैं, न म्युनिसिपल्टीज के चुनाव हो रहे हैं और न वहां कारपोरेशन के चुनाव हो रहे हैं । चुनाव पद्धति को बिलकुल ताक पर रख दिया गया है । इसके कारण आज लोगों की आवाज सरकार के पास ले जाने के लिये कोई साधन नहीं रहा और कोई साधन न होने के कारण लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है ।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं दूसरे प्रश्नों को भी इस सदन में रखना चाहूंगा । हिन्दुस्तान की सरकार ने अकाल के कारण को लेकर एडवांस प्लान असिस्टैन्स के रूप में गुजरात को 4 करोड़ रुपये दिये हैं । यह एक ऐसी मिसाल है जिस पर सदन को बड़ी गम्भीरता से विचार करना चाहिए । सिक्स्थ फाइनैंस कमीशन के अनुसार इस प्रकार की नेचूरल कलैमिटी के लिये भारत सरकार की तरफ से सहायता दी जा सकती है । आप यह जानते हैं कि गुजरात के अंदर अकाल की स्थिति है और गुजरात के पास जितने रिसोर्सेज हैं उनके अकाल की स्थिति का मुकाबला नहीं हो सकता । दूसरी तरफ जो एडमिनिट्रेस्टर है जिनको यह काम करना है उनको प्लान असिस्टेंस के नाम से पैसा दिया जा रहा है । इसका परिणाम क्या निकलेगा ? जो निर्वाचित सरकार आएगी उसको जो प्लान असिस्टैंस मिलने वाली है उसमें से यह असिस्टैंस काट दी जाएगी । मैं समझता हूं यह तरीका ठीक नहीं है कि प्लान असिस्टैंस करें । जो असिस्टैंस का प्रारूप आपने बना लिया है और जो विकास का काम आप अपने हाथों में लेना चाहते हैं वह पूरे नहीं होंगे । मैं समझता हूं भारत सरकार को सिक्स्थ फाइनैंस कमीशन की रैकमन्डेशन के ऊपर गम्भीरतापूर्वक विचार करना चाहिए वरन जो भी बैकवर्ड स्टेटस हैं उनमें जो विकास होने हैं वह स्वतः रुकेंगे ।

एक बात और निवेदन करना चाहूंगा । आज गुजरात में जिस प्रकार की स्थिति है उस स्थिति में एक समस्या शरणार्थियों की है और दूसरी समस्या कर्जे की है । गुजरात में गरीबी भी है । गुजरात के अधिकांश लोग और खासकर अकाल पीड़ित लोग कर्जदार हैं । कर्जे का कारण एक है । आज गुजरात में जाकर कोई देखे तो मालूम होगा कि लोगों ने अपने पशु बेच दिए हैं, लोगों ने अपने बर्तन बेच दिए हैं । लोगों के पास जो जेवर था और दूसरा जो सामान था वह सब उन्होंने बेच दिया और बेचने के बाद उनको जो आइडैन्टिटी कार्ड मिले होते हैं रोजगार के लिये वे गिरवी रख दिए हैं । इसके एवज में वे बोरोअर्स से सामान लेकर आते हैं जो सामान उनको मिलता है उस पर वे सूद लेते हैं । इस प्रकार से जो कुछ उनको मिलता है वह बोरोअर्स खा जाते हैं । तमाम राज्यों में जो मनीलैंडर्स हैं उनके खिलाफ अभियान चलाया गया । कई राज्यों में जहां पर जनतंत्री व्यवस्था है, मनीलैंडर्स को गिरफ्तार तक किया गया है । यू० पी० में और कुछ अन्य राज्यों के अन्दर जो लोग गरीब थे, जिन्होंने कर्ज ले रखा था और जिसका इंटरैस्ट बढ़ता जा रहा था, उसके सम्बन्ध में आर्डिनेन्स निकाले गये हैं । मैं समझता हूं कि अगर गुजरात के अन्दर भी चुनी हुई सरकार होती

तो गरीब लोगों को मनीलैंडर्स के चंगुल से छुड़ाने के लिए कोई आर्डिनेन्स अवश्य इशू किया जाता। लेकिन अभी तक वहां पर इस बारे में कुछ भी नहीं किया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि सारे हिन्दुस्तान में पिछले तीन महीनों में एक अभियान चलाया गया था कि शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को जमीन बांटी जाए। हम सब जानते हैं कि गुजरात के अन्दर 18 लाख 21 हजार एकड़ जमीन ऐसी है जो लोगों में बांटी जा सकती है। लेकिन आज स्थिति वहां पर यह है कि उस जमीन के ऊपर प्रभावशाली लोग एनक्रोचमेन्ट करते जा रहे हैं और शासन की तरफ से इस एनक्रोचमेन्ट को रेगुलराइज भी किया जा रहा है। शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को जमीन बांटने के संबंध में कोई भी कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस समस्या की तरफ शीघ्र ध्यान दिया जाए।

इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि गुजरात एक सीमावर्ती प्रदेश है। अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध की तैयारियां कर रहा है। राजस्थान और गुजरात बोर्डर एरियाज पर स्थित हैं। आप इस बात को स्वीकार करें या न करें, पाकिस्तान पूरे युद्ध की तैयारियां कर रहा है। पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में जितने भी हिन्दू थे उस सारी हिन्दु पोपुलेशन को वहां से हटकर पीछे माइग्रेट कर दिया गया है। उन लोगों की जितनी भी सम्पत्ति थी वह सब छीन ली गई है। सन् 1971 के युद्ध के बाद और युद्ध के समय पाकिस्तान की जो जनता हिन्दुस्तान में आ गई थी, हिन्दुस्तान की सरकार की अकर्मण्यता के कारण वापस जाना पड़ा और पाकिस्तान की सरकार ने उनको कंसंट्रेशन केम्प्स में भेज दिया है। पाकिस्तान ने अपने इस क्षेत्र में फौजें लगा रखी हैं। मैं यह नहीं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार अपनी सरहदों के ऊपर फौजी तैयारियां करे या न करे, लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जो जनता रहती है उन के अन्दर इस प्रकार का आत्मविश्वास पैदा करने की जरूरत है जिससे वे किसी भी स्थिति का मुकाबला कर सकें। मुझे मालूम है कि सन् 1971 में कुछ शरणार्थी हिन्दुस्तान में आये। उनमें से कुछ गुजरात में रहे और लगभग छः हजार गुजरात में बस गये। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग हिन्दुस्तान में आये उन के पास पैसा कम नहीं था। उनके पास जानवर थे, धन था, दौलत थी, लेकिन आज वे गरीबी की हालत में हैं। हिन्दुस्तान की सरकार ने इन शरणार्थियों पर 6 करोड़ रुपया खर्च किया, लेकिन उनको गरीब बना कर रख दिया। आज ये लोग सब बेकार पड़े हुए हैं। उनके लिये रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं की गयी। वे लोग भूमि चाहते थे, लेकिन उनको भूमि नहीं दी गई। वे लोग सुरक्षा के लिये हथियारों का लायसेंस चाहते थे, वह भी उनको नहीं दिया गया। हमारा यह दुर्भाग्य है कि जिन लोगों ने हमारे साथ युद्ध में साथ दिया उनकी हम कोई मदद नहीं कर पाये। इसके विपरीत पाकिस्तान के सैनिकों के लिये हिन्दुस्तान की सरकार ने 35 करोड़ रुपये खर्च किये। उनको जेलखानों में रख कर तनख्वाहें दीं और जिन लोगों ने भारत के लिये अपना सर्वस्व कुरबान किया उन के लिये हम कुछ नहीं कर पाये। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान अपने इलाके में पूरी सैनिक तैयारी कर रहा है। पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों के लोग आज कह रहे हैं कि अब की बार अगर युद्ध हुआ तो गुजरात और राजस्थान की सीमा से होगा। हम उस सीमा के अन्दर जितना ज्यादा घुस सकते हैं उतना घुसेंगे। इसलिए मैं इस सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि कम से कम सन् 1971 के युद्ध में जिन लोगों ने हमारा साथ दिया था, आज हम उन के साथ इस प्रकार का व्यवहार करें कि वे लोग अपने को सुरक्षित अनुभव कर सकें। सीमावर्ती क्षेत्रों में आज इस प्रकार का विश्वास पैदा करने की आवश्यकता है कि पाकिस्तान ने अगर किसी प्रकार की कोई परेशानी पैदा की तो वे लोग भारत आ सकें। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इस बात को राजनीति से इतना जोड़ने की कोशिश की गई है कि यदि उन लोगों को हमने किसी प्रकार से यहां पर शरण दी तो बहुत सारी समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। आप यह मान कर भी चलें कि आप उन को गोली से मार दें तो वे स्वीकार कर लेंगे

[श्री भैरोंसिंह शेखावत]

लेकिन पाकिस्तान में जाने वाले नहीं हैं। आप, करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद, जो रिहैबिलिटेशन के नाम पर किया, यदि उनको ही करोड़ रुपये दे देते तो उन सबका रिहैबिलिटेशन हो जाता। इस आधार पर मैं कहना चाहूंगा सरकार उनके प्रश्न के ऊपर जितनी जल्दी हो गम्भीरता से विचार करे, ऐसी स्थिति न हो कि पाकिस्तान से आपको युद्ध करना पड़े और उस समय उनका इंटरैस्ट हल करनेके बारे में आप किसी प्रकार की चिन्ता प्रकट करें।

अंत में मैं निवेदन करना चाहूंगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर अकेले यह एक बाढ़ की समस्या ऐसी समया नहीं है कि जिसके कारण चुनाव नहीं कराए जा सकते। गुजरात में जल्द से जल्द चुनाव कराए जाएं।

एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि जिस समय आंदोलन चला उस समय भ्रष्टाचार की रोकथाम करने के नारे लगाए गए और आज भ्रष्टाचार की रोकथाम क्यों नहीं हो रही है। यदि लोकायुक्त की नियुक्ति हेतु कानून बन जाएं और कानून के आधार पर जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के काम किए हैं उनका प्रोसीक्यूशन होता तो वह संभव था। आज भी सरकार लोकायुक्त के संबंध में मौन है, भारत सरकार दिल्ली में मौन है, गुजरात शासन गुजरात में मौन है। लोकायुक्त का कानून बनता तो जनता के सामने अवसर आता उन सारे भ्रष्टाचारी व्यक्तियों को कठघरे में लाकर खड़ा करते।

अंत में लेबर के संबंध में कहना चाहूंगा। भारत सरकार ने कुछ नियम बनाये हैं लेबर वेजेज के बारे में। उसके अनुसार यह है कि फलां फलां इन्डस्ट्रीज के ऊपर वैं लेबर वेजेज के कानून लागू होंगे। लेकिन दुर्भाग्य से गुजरात में अभी तक ऐसा कानन है जो कानून कुछ इंडस्ट्रीज पर नहीं लगाया है, जैसे मैं निवेदन करना चाहूंगा —

Rice, Flour and Dal Mills, Road construction or Building operations, Cotton Ginning and Cotton Pressing manufactory, Printing Presses, Shops and . . .

इस प्रकार की कई संस्थाएं हैं जिनके ऊपर मिनिमम वेजेज का कानन अभी तक एडमिनिस्ट्रेशन नहीं लगा पाया। इसलिए मरी मांग है कि कम से कम औरों का हित करने के साथ-साथ उन गरीबों का हित किया जाए जो वहां काम पर लगे हुए हैं ताकि उनके ऊपर मिनिमम वेजेज ऐक्ट लागू हो जाए।

एक बात कहकर मैं भाषण समाप्त करता हूं। हिन्दुस्तान का एक-तिहाई काटन गुजरात के अन्दर पैदा होता है लेकिन दुर्भाग्य से इस बार काटन कारपोरेशन ने 1700 बेल्स गुजरात के अंदर खरीदा है। एक-तिहाई काटन हिन्दुस्तान का गुजरात में पैदा हो रहा है लेकिन सरकार इस एक-तिहाई काटन को खरीदने को तैयार नहीं है और उनका एक्सप्लाईटेशन हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा, एक तरफ अकाल है, एक तरफ काटन की पैदावार बड़ी है, तो सरकार, जो कुछ भी पूंजी काटन कारपोरेशन को मिल रही है उसके आधार पर गुजरात के किसानों का कपास ज्यादा से ज्यादा खरीदें इस बात का प्रबंध करे।

SHRIMATI SUMITRA G. KULKARNI (Gujarat): Mr. Vice-Chairman, Sir, wild some effort, 1 have gone through the budget proposals for Gujarat for 1975-76 and the two Appropriation Rills which are for the consideration of this House. Sir, 1 would say that it is by and large a very good budget as can be expected from a bureaucratic administration working under President's rule. With their limited imagination, they have come up with whatever they could suggest. But I would still like to submit to you that this Appropriation Bill and these budget proposals should not be viewed as they are, but they should be viewed in the present context of Gujarat. Otherwise, 1 would say that the House should pass these- budgetary proposals because by and huge they are satisfactory. But when viewed against the present context of Gujarat, there are a number of issues which come up before this House. Before 1 put forward any point, f will just inflict a few statistical figures on this House. Sir, time and again it has been submitted here that Gujarat is passing through a serious drought situation. As everybody knows, out of 18,100 villages, rriore than 12.000 villages have been declared as scarcity villages. Our population in Gujarat is 2.75 crores. We

may take that one crore is the urban population. Out of the remaining 1.75 crores, a little less than half is the adult population which requires employment in the rural areas. As against this, you can see that today there are only 7 lakhs of persons who are getting relief under scarcity work programmes. Seven lakhs out of 75 lakhs have got relief. That works out to be less than 10 per cent. This is the real crux of the matter. Only 10 per cent of the population which requires help at this time is getting help. They are getting help under the scarcity schemes while the rest of the 90 per cent is not being attended to and thus causing trouble in the entire rural areas and the drought-stricken area of Gujarat. Now, Sir, what are the scarcity relief works that are usually taken up ? They are : minor irrigation, soil conservation, area development, agriculture and afforestation. These are the essentia! things which should be taken up. In this Appropriation Bill, the amount that is being allocated for this is Rs. 4.75 crores and for afforestation Rs. 8,45,000/-. Sir, it is Rs. 8,45,000/- for afforestation when one-third of the coast of the country is in Gujarat, and it is Rs. 4 crores for minor irrigation, particularly in 3Ught area. Sir, this shows how this Appropriation Bill is inappropriate in the present conditions of Gujarat.

Sir, the second point which 1 would like to make is that so far, till the end of the last month, we have spent Rs. 33 crores on relief work in Gujarat. In the next year, according to these Budget proposals, it works out to another Rs. 32 crores which is under the various plan projects and non-plan projects. And under the DPR programme, we have got another Rs. 32 crores. The total amount available for expenditure for fighting this scarcity is Rs. 66 crores. Sir, I would like to submit that in the year 1972, Gujarat had a very serious drought and at that time there was a popular Government. In those days Rs. 81 crores were spent on the scarcity relief work in Gujarat. Sir, since then, the price index has gone up and everything is costing much more. So, it will be logical if I suggest that we require, if not double the amount of Rs. 81 crores, at least, Rs. 150 crores. As against that, according to these budgetary proposals, only Rs. 66 crores are available now. Now, I would like to ask this august House as to exactly what kind of relief work can we do with mere 66 crores of rupees. Sir, then it was Rs. 81 crores. Now, it is Rs. 66 crores. Instead of increasing it to Rs. 100 crores or Rs. 120 crores, they are making it lesser and lesser. This[1] is what is troubling the people of Gujarat. And we the Members, who are coming from Gujarat, who have to counteract our constituents, have to explain them as to what is happening. And this is where the whole rub lies.

Again, Sir, the drought in 1972 had come soon after the 1970-71 bumper crops. In those days, people had some savings and they were in a better position to fight the drought condition, but now, after three years of consecutive calamities, one after the other, the drought conditions are prevailing in Gujarat, and in £aitch it is nearly for the last four or five years. Sir, all the saving with the people has been wiped out. People are suffering from diseases, malnutrition, and many people are suffering from night blindness. Against those ravages of drought conditions, we have to give them relief. Are we giving sufficient relief in the face of these difficulties ? And this is the basic question which I would like to pose *vis-a-vis* this Appropriation Bill and the budgetary proposals. Sir, relief is needed today. Maybe, provisions are made for next year and they will come. But God willing, we will have rains in our part by 15th of June. By 30th June, most of the labourers and people will be going and working in their own fields. Relief works will not be needed at that time. Whatever relief is needed, is needed now and today. What is the use of allocating for a later period ? We have to spend nearly Rs. 100 crores, if not Rs. 100 crores, at least Rs. 70 to Rs. 80 crores from now on till 30th June. Are we in a position to do this thing ? I don't find that preparation anywhere. There is no evidence that the Government or the Administration that is going on there has got the preparedness for fighting the scarcity on this

[Shrimati Sumitra G. Kulkarnl]

vast scale. Out of these Rs. 33 crores which we have got, Rs. 15 crores have been taken out for the Plan projects. The Plan projects are meant for the improvement of our backward areas. If we use that amount today for attending to the scarcity relief work, which is essentially not of a lasting kind of work. Sir, next year, when we will require this money for the development of backward areas, we will not have the noney. Therefore, the result will be that the backward area will become more backward because adequate funds are not available to it and also because we are attempting to take loans against the plan projects of next year. Now. this is a very faulty policy and it is a very defective thing. It may appear that today we have provided for Rs. 15 crores but that is not going to be because that is being taken away from something which was due tomorrow. Apart from that, this money is the right of backward areas and it cannot be spent on ^car-city relief works. Now, Sir, against this background, my submission is that this Appropriation Bill is falling short of what it should have been and what it could have done. That is why I say that though the Appropriation Bill, on the face of it, reads quite satisfactory but in actual working it falls short of all expectations and is going to hurt the people of these parts tremendously.

Now, Sir, these budgetary proposals, which have been put up. are making the rich richer and poor poorer. 1 will illustrate how it is so. In the name of incentives, the industrialists are getting large amounts but others are not getting any such attention though they want it. Now. industrialists are having enough capital of their own and they do not require any incentives but under these budgetary proposals incentives are being offered to them. Now, I will give you a specific instance. Gujarat is famous tor its textile industry. In the textile industry in the last two years we have had a record profit. Never before in the history of 120 years of the textile industry, has the industry earned this amount of profit. But, today, when the Government wants and the poor people of India are in need of standard coarse cloth, the textile industry of Gujarat has refused to produce standard cloth. There are, of course, penalties but the Government of India does not seem to be able to enforce the discipline on these recalcitrant textile industrialists. They are not producing standard cloth. They have made huge profits which they are not willing to share with the people of Gujarat and they are also not willing to come to the rescue of the people of Gujarat by producing standard cloth. Of course, the Government will say that penalties are imposed ; but that penalty is just a mockery, it is not a proper penalty at all. It is merely an apology for penalty and it is much easier and cheaper to pay the penalty and be done with it. That is what the textile industry is doing. On the other hand, Sir, the price of standard cloth has been raised doubly. So, it will be seen tliat on the one hand the prices of standard cloth have gone up and, on the other hand, the textile industrialists are not producing the standard cloth and the result is that pooi people are getting more and more frustrated and in greater difficulties.

